## समाचार

# आर.एस.नगर गार्डेन में हाईमास्ट लाईट का हुआ लोकार्पण

### (श्रीमती रेणु अग्रवाल ने स्वीच आन कर हाईमास्ट लाईट को किया जनसेवा में समर्पित)




कोरबा 05 मार्च 2019 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने सोमवार को पं.रविशंकर शुक्लनगर स्थित उद्यान में हाईमास्ट लाईट का लोकार्पण किया। उन्होने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं स्वीच आन कर नवस्थापित हाईमास्ट लाईट को जनसेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 23 पं.रविशंकर शुक्लनगर स्थित उद्यान में 04 लाख 83 हजार रूपये की लागत से हाईमास्ट लाईट की स्थापना कराई गई। सोमवार को देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त नवस्थापित हाईमास्ट लाईट का लोकार्पण किया। उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर एवं स्वीच आन कर हाईमास्ट लाईट की सुविधा को आमजन की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति संतोष राठौर, वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान, फारूक मेमन, कुसुम द्विवेदी, विपिन मिश्रा, डी.के. साहू, कंचन चटर्जी, महेश शुक्ला, सोनू भाई, लक्ष्मी देवी आदि के साथ अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

काटा गया जन्मदिन का केक– कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटने की व्यवस्था की गई थी। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने केक काटा, इस मौके पर वार्डवासियों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल के जन्मदिवस की बधाई दी।